DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS-------- THE SUNDAY EXPRESS, JULY 17, 2022

AGENCIES DIRECTED TO REVIEW PROPOSALS

Panel flags 2 projects that could affect Yamuna floodplains

ABHINAYA HARIGOVIND
NEW DELHI, JULY 16

THE PRINCIPAL Committee constituted on the orders of the National Green Tribunal to monitor projects concerning the "rejuvenation" of the Yamuna has raised concerns about two project proposals that could affect the floodplains in Delhi — a power transmission line and an elevated road along the riverbank.

One of the proposals that the committee considered at its recent meeting was a project of the Public Works Department (PWD) to construct an elevated road along the riverbank from Wazirabad to DND. Manoj Misra, convenor of the Yamuna Jiye Abhiyan, who was the petitioner in the NGT case that eventually led to the constitution of the committee, raised the matter of the elevated road for the committee's consideration, stating that it is "against the ecology of the river", and will "sharply reduce the expanse of floodplains". At a meeting earlier this year, the PWD had informed the committee that the proposed elevated road would decongest the existing Ring Road.



Projects proposed along the river and floodplains are required to obtain approval of the committee. *Archive*

EXPLAINED

E. Floodplain conservation

THE YAMUNA floodplain is part of the river's ecosystem and is important for groundwater recharge. Construction is not permitted on the floodplains, demarcated as 'Zone O' by the DDA since it is prone to flooding. The floodplain provides space for water when the level of the river rises, and constructions on the floodplain can obstruct the flow of water.

The DDA informed the committee that PWD was asked to re-examine the proposal, and it had suggested that the proposal over the floodplain should be avoided and instead, "roads can be developed over the existing Ring Road", as per the minutes of the meeting. While the PWD said construction over the Ring Road may not be possible, the panel asked for a discussion with the PWD, experts, and DDA to resolve the issue.

Another project that the committee raised issues about was Delhi Transco Limited's proposal for a 1.3-km-long extension of a 220 kV power transmission line, along with seven towers, to feed a proposed substation at Rajghat. Ecologist professor C R Babu, an expert member of the committee, noted that the alignment would be too close to the river and could provide resistance to floodwaters, according to the minutes.

In response to the proposal, professor A K Gosain, another expert member of the panel, stated that after dismantling the Rajghat Power Plant, the area should have been retrieved for the river. The power plant is located on the floodplains. The committee has directed Delhi Transco to review the proposal.

Projects proposed along the river and floodplains are required to obtain approval of the committee, which is chaired by the Secretary, Department of Water Resources, Ministry of Jal Shakti.

नई दिल्ली, 17 जुलाई, 2022 दैनिक जागरण 5

नरेला सब सिटी में रहेगी 16.2 लाख की आबादी

- दिल्ली विकास प्राधिकरण ने तैयार की सब सिटी की रूपरेखा
- पर्यावरण पर होगा ध्यान, 2501 हेक्टेयर होगा ग्रीन क्षेत्र

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली: दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारका की तरह नरेला में सब-सिटी बसाएगी। डीडीए के वर्ष 2021-22 के बजट में इसके लिए 2,326 करोड़ रुपये का प्रविधान किया गया था। अब इसकी रूपरेखा तैयार कर ली गई है। इसे विकसित करने में पर्यावरण का विशेष ध्यान रखा जाएगा। कुल 9866 हेक्टेयर में विकसित की जा रही। इस सब सिटी में 2501 हेक्टेयर ग्रीन क्षेत्र होगा। जल्द ही इसे विकसित करने का काम शुरू होगा।

नरेला सब सिटी को 18 सेक्टर में विभाजित किया जाएगा। इसमें अलग-अलग सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस सब सिटी में लगभग 16.2 लाख की आबादी रहेगी। इस क्षेत्र में डीडीए की अलग-अलग श्रेणी के 47 हजार 844 फ्लैट तैयार हैं और 11 हजार 768 का निर्माण कार्य चल रहा है। यहां पहले से अनाज मंडी स्थित है।

नरेला में बनेंगे चार एफओबी और दो रेलवे ओवरब्रिज

नरेला सब-सिटी विकास के लिए डीडीए ने इस क्षेत्र में चार फुट ओवरब्रिज (एफओबी) और दो रेलवे ओवरब्रिज बनाने का फैसला किया है। इसके लिए बजट में क्रमशः आठ और छह करोड़ रुपये का प्रविधान किया गया है।

सड़क रेल व मेट्रो से जुड़ेगी सब सिटी: यह क्षेत्र सड़क, मेट्रो और रेल के माध्यम से दिल्ली के अन्य हिस्से और हरियाणा के साथ जुड़ेगा। जीटी करनाल रोड से सब सिटी हरियाणा से जुड़ेगी। इसके अतिरिक्त यहां कई नई सड़कें बनेंगी। सब सिटी के मध्य से रेलवे लाइन गुजरेगी। होलंबी कलां और नरेला स्टेशन इस क्षेत्र में स्थित है, जिससे लोगों को देश के किसी हिस्से में आने-जाने में आसानी होगी। मेट्रो फेज-4 में 22 किलोमीटर रिठाला-बवाना-नरेला कारिडोर से सब सिटी जुड़ेगी। एक लूप लाइन बनाने का भी प्रस्ताव है। वर्ष 2021-22 के बजट के अनुसार डीडीए मेट्रो लाइन विकसित करने के लिए एक हजार करोड़ रुपये का योगदान करेगा। इस कारिडोर के बनने से बाहरी दिल्ली के कई इलाके सीधे मेट्रो से जुड़ जाएंगे। रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) का सराय काले खां-सोनीपत जीटी करनाल रोड से होकर गुजरेगा, जिसका लाभ नरेला सब सिटी के लोगों को मिलेगा।

ये सुविधाएं होंगी

- दो जिला केंद्र
- एक जिला अदालत
- एक जेल
- नेशनल इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी का नया परिसर
- अंतरराज्यीय बस अड्डा
- पुलिस स्टेशन
- ईको पार्क
- चार सामुदायिक भवन
- डीडीए खेल परिसर
- एक अस्पताल
- जवाहर नवोदय विद्यालय
- इंटिग्रेटेड फ्रेट कांप्लेक्स के साथ ही नरेला, भोरगढ़ व बवाना तीन औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जाएंगे

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS-- SUNDAY TIMES OF INDIA, NEW DELHI --------DATED-------- JULY 17, 2022

Fresh Plan To Bring Narela Sub-City Back From Brink

LG Asks DDA To Make Concerted Efforts To Redevelop Area

Atul.Mathur@timesgroup.com

New Delhi: Concerned that the Narela sub-city continues to languish as a ghost town with large swathes of open land and thousands of vacant flats lying in a dilapidated condition, lieutenant governor VK Saxena has asked Delhi Development Authority to make concerted efforts to redevelop it.

In a meeting with top officials of DDA recently, the LG said Narela's poor connectivity with the rest of the city was the biggest reason for lack of development and said he would take up the matter with DTC and DMRC to improve transportation facilities between the northern sub-city and rest of the Capital.

"The LG has said that he will talk with DTC and Delhi government to increase bus frequency. He will also be asking Delhi Metro Rail Corporation to speed up the construction of Rithala–Narela line and also, to plan spur lines to bring Narela on Delhi's transport map," said an officer privy to the development.

Junking its initial plan of running metrolite, a light rail transit system, DMRC has proposed to run conventional metro with three coaches between Rithala and Narela corridor as part of phase IV project. The revised proposal has been submitted to the Centre and the Delhi government for approval.

To be developed in an area of 9,866 hectares, Narela has been proposed as a sub-city on the lines of Dwarka, Rohini and Sarita Vihar. However, while the other three have seen massive development in the last few years, Narela continues to be a township where nobody wants to go and live.

DDA built thousands of flats in Narela for the middle income group but found few takers. Thousands of flats built for the economically weaker section also remain vacant and are in shambles.

"Entire Delhi is now overcrowded and Narela could be a good option where people could buy or build houses and live. But nobody is willing to go because there is no connectivity. Once a transportation hub is created, a metro line is built and DTC service improved, people may go there and live," said another official, adding that if the middle class shifted there, the poor would also find employment and move to houses built under the EWS schemes.

DDA has plans to create and facilitate a 'transit hub' that will connect the Metro corridor with other modes of transport like the existing Narela railway station and Narela bus terminal. The National Capital Region Transport Corporation also plans to have a station in Alipur, which would be part of its proposed Delhi-Panipat Regional Rapid Transit System (RRTS) corridor. While work is going on in full swing at the Delhi-Meerut RRTS corridor, the Delhi-Panipat corridor is still in the planning stage.

While DDA has proposed to keep 3,822 hectares to develop 18 residential sectors in the project, another 3,543 hectares of land has been proposed for land pooling projects while green belt would come up in 2,501 hectares. DDA has estimated that over 16 lakh people will live in Narela sub-city after it is developed.

DDA has recently handed over land to Delhi government's prison department to set up a jail in Narela while the police department has plans to set up a training college here. "Once these facilities start coming up, the sub-city may see some development. But transport connectivity is the key," another official said.

ANOTHER RESIDENTIAL HUB ON THE CARDS

9,866 hectares
Area of Narela subcity

Narela

3,822 ha Project area | 3,543 ha Land-pooling | 2,501 ha Green belt | 16.2 lakh Projected population

Connectivity

Rapid rail — Sarai Kale Khan to Sonipat passes will allow fast and economical transportation

22 km — Metro route from Rithala to Narela, along with spur lines (future corridors)

A new ISBT is in offing

istock

Components

18 sectors planned

477 hectares 3 industrial areas (Narela, Bhorgarh and Bawana)

397.7 hectares Integrated freight complex proposed as a major economic activity and employment generation centre

2 district centres

4 community centers

- Local shopping centres and convenience shopping centres
- Layout plans of 824 plots for transport traders
- Of 1,093 warehousing plots, building permits sanctioned for 541; electricity connections provided

Existing services

- National Institute of Homeopathy
- National Institute of Technology
- Smriti Van (District Park)
- Satyawadi Raja Harishchandra Hospital
- Waste-to-energy Plant
- 1,500MW Pragati Power Station

Proposed facilities

- Jawahar Navodaya Vidyalaya
- DDA sports complex
- Police training college and institute
- District court
- Jail
- New campus of NIT Delhi
- Technical university for women
- ISBT
- E-waste management (ecopark)

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

18 जुलाई, 2022 दैनिक जागरण
NAME OF NEWSPAPERS----------------------------------DATED----------------------

उपराज्यपाल वीके सक्सेना के दौरे के बाद भी अनंग ताल को लेकर गंभीर नहीं विभाग

वी के शुक्ला • नई दिल्ली

महरौली के संजय वन में रखरखाव के अभाव में अनंग ताल • ध्रुव कुमार

‹‹ अनंग ताल के पास मिला कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद जैसा पत्थर • जागरण

- मानसून से पहले व्यवस्थित करने के दिए गए थे निर्देश
- एएसआइ ने पत्र लिखकर एलजी का ध्यान आकृष्ट कराया

महरौली के संजय वन में बने 11वीं शताब्दी के अनंग ताल को पुनः विकसित करने के लिए शुरू हुई कवायद को लेकर संबंधित विभाग सुस्ती में हैं। यह हाल तब है जब उपराज्यपाल वीके सक्सेना 26 जून को इस स्थल का दौरा कर इस कार्य को प्राथमिकता पर लेने के लिए निर्देश दे चुके हैं। डीडीए के अलावा अभी वहां किसी विभाग का कार्य जमीन पर नहीं आया है। विभागों की हीलाहवाली को देखते हुए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) ने इस बारे में एलजी को पत्र लिखकर इस ओर उनका ध्यान आकृष्ट कराया है।

यह ताल तोमर राजा अनंगपाल से संबंधित है, जिनका कार्यकाल 1051 से लेकर 1080 ईसवी तक बताया जाता है। अब यह ताल कचरा घर बन गया है। इसमें आसपास का सीवर का पानी और कूड़ा डाला जा रहा था। राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण के चेयरमैन तरुण विजय के प्रयास के बाद डीडीए के उपाध्यक्ष मनीष गुप्ता इस स्थान का दौरा कर चुके हैं। उन्होंने इस ताल में डाले जा रहे सीवर के पानी को बंद कराया है। ताल का गंदा पानी बाहर निकाला गया है। इसके बाद 26 जून को एलजी का दौरा करने से पहले यहां से झुग्गियों को भी हटा दिया गया है। डीडीए ने अब वहां पर ताल के इतिहास के बारे में जानकारी देने के लिए हिंदी और अंग्रेजी में बोर्ड भी लगाया है। इसके बाद इस ताल की सफाई की जानी थी। ताल के अंदर सूखे कंटीले पेड़ों को हटाया जाना है, मगर यह कार्य अब तक शुरू नहीं हो सका है। एलजी ने इस कार्य के लिए जलबोर्ड, वन विभाग और डीडीए आदि को निर्देश दिए हैं। इसके बावजूद डीडीए के अलावा कोई भी विभाग अब तक सक्रिय नहीं दिख रहा है, जबकि मानसून सिर पर है। ऐसे में वर्षा तेज हो जाने पर सभी कार्य जहां का तहां रुक जाएगा। इसे देखते हुए मुख्य सचिव नरेश कुमार ने 18 जुलाई को संबंधित विभागों की बैठक बुलाई है और इस संबंध में अपनी रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा है।

एएसआइ ने ताल के एक भाग में खोदाई शुरू कर दी है, जिसमें ताल में जाने के लिए सीढ़ियां मिली हैं। माना जा रहा है कि खोदाई में यहां ताल से जुड़े हुए और प्रमाण मिल सकते हैं। ताल के पास ही एक पत्थर मिला है जो कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद में लगे पत्थरों जैसा है। इस पर धुंधली सी मूर्ति बनी है, जो किसी जैसी प्रतीत होती है।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS------------- दैनिक जागरण नई दिल्ली, 18 जुलाई, 2022 -----------------

जर्जर इमारतें, गंदा पानी और गलियां बनीं जसोला डीडीए फ्लैट्स की पहचान

जर्जर इमारतें बन सकती हैं हादसे का कारण, अधिकारी नहीं ले रहे संज्ञान

जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली : जसोला के डीडीए फ्लैट्स की हालत काफी खराब है। इमारतें जर्जर हो चुकी हैं। कोर्टयार्ड में पानी भरा हुआ है। निवासियों को पीने का साफ पानी व सफाई जैसी बुनियादी सुविधाएं भी नहीं उपलब्ध हो पा रही हैं। पीने के पानी की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं है। कालोनी के आधे से अधिक फ्लैट्स की इमारत में फ्लैटों की बालकनी और दीवारें कई जगह से जर्जर हैं। उनके सरिये बाहर लटके हुए हैं। तेज हवा या बारिश के दौरान छज्जे भरभराकर गिरने लगते हैं।

कहीं न कहीं ये लटके सरिये, छज्जे, जर्जर इमारतें किसी बड़ी अनहोनी को निमंत्रण दे रही हैं। 11 नंबर बिल्डिंग व अन्य कई बिल्डिंगों के बीच में स्थित कोर्टयार्ड में गंदा व बदबूदार पानी भरा रहता है जिससे तमाम मच्छरजनित बीमारियां फैलने का डर बना है। इसको लेकर आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों ने डीडीए, एमसीडी व एलजी को पत्र भी लिखा है लेकिन मामले में कोई संज्ञान नहीं लिया गया है। यह हाल यहां स्थित पाकेट 9-ए, पाकेट 10, 11 व अन्य सोसायटियों में भी है।

जसोला स्थित डीडीए फ्लैट्स के पाकेट-11 के निवासियों के अनुसार, इन फ्लैट्स के देखरेख मरम्मत व साफ-सफाई की जिम्मेदारी डीडीए और एमसीडी के बीच बंटी हुई है। इसी के चलते दोनों सिविक एजेंसियों के अधिकारी अपने काम से पल्ला झाड़कर बचते रहते हैं और जिम्मेदारी एक-दूसरे पर थोपते रहते हैं। इसका दुष्परिणाम यहां के निवासियों को भुगतना पड़ रहा है।

पानी दिल्ली जल बोर्ड टैंकरों के माध्यम से भेजता है, जिसे सोसायटी में बनी बड़ी टंकी में एकत्रित करके लोगों के घरों में पंपिंग सेट के माध्यम से भेजा जाता है। इस पानी का टीडीएस 1500 से ज्यादा है, जिसके चलते निवासी इस पानी को पीने के लिए उपयोग नहीं कर पाते हैं। यहां दिल्ली जल बोर्ड द्वारा पानी के सप्लाई की कोई स्थाई व्यवस्था नहीं की गई है। इसलिए पेयजल की समस्या के लिए लोग परेशान हैं।

जसोला डीडीए फ्लैट्स में स्थित पाकेट-11 में जर्जर इमारत ● जागरण

डीडीए फ्लैट्स स्थित पाकेट-11 में भरे पानी में जमी काई ● जागरण

ये इलाका एमसीडी को डिनोटिफाइड है जिसका मतलब है कि बिल्डिंग एक्टिविटीज से संबंधित सारी जिम्मेदारी एमसीडी की है। – **दीपक**, असिस्टेंट इंजीनियर, डीडीए

डीडीए ने इन फ्लैट्स को अलाट करके सर्विसेज की जिम्मेदारी एमसीडी को ट्रांसफर की थी। इमारतों की मरम्मत की जिम्मेदारी डीडीए की है। – **रजत अग्रहरि**, असिस्टेंट इंजीनियर, एमसीडी

मरम्मत के लिए कई उच्च अधिकारियों को पत्र लिखा जा चुका है। – **राहुल कांत**, संयुक्त सचिव, आरडब्ल्यूए, पाकेट-11, डीडीए फ्लैट्स, जसोला

सोसायटी में सफाई की जिम्मेदारी एमसीडी की है और बाहर डीडीए की है ,ले किन दोनों ही एजेंसियां काम नहीं कर रही हैं। **संजीव कौशिक**, अध्यक्ष, आरडब्ल्यूए

निवासियों को पीने का पानी बाहर से खरीदना पड़ता है। टैंकरों से बोरिंग के दूषित पानी को पीने से स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याएं हो सकती हैं। – **संजय श्रीवास्तव**, कार्यकारी अध्यक्ष, पाकेट-11, डीडीए फ्लैट्स, जसोला

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS----- THE INDIAN EXPRESS, MONDAY, JULY 18, 2022 -----------

Potholes, waterlogging: Rain takes Nehru Place from bad to worse

ABHINAV RAJPUT
NEW DELHI, JULY 17

Outside the Nehru Place Market. *Gajendra Yadav*

BROKEN PATHWAYS, waterlogged pockets and long traffic jams — Nehru Place, once among Delhi's premier commercial centres, is grappling with a host of problems, thanks to official apathy and delayed development projects.

When *The Indian Express* visited the popular electronics market on Wednesday, dug up streets, construction waste and malba thrown on the roadside, and foul smelling rainwater were common sights. Market association members said it has been over eight months since construction work started on a skywalk, which has left roads narrower and caused perpetual traffic jams.

"It has been a year since the DDA dug up the area near Satyam cinema. This is a business hub and you have slowed down everything because of broken roads and traffic jams," said Swaran Singh, general secretary of the All Delhi Computer Traders' Association.

"Inside the market complex, work is on to lay tiles and flooring, but because the exterior and periphery are so badly maintained, it affects the overall area," said Singh, who also owns a shop in the area. "Vehicles are not supposed to be parked near buildings to ensure fire safety norms are followed but loading and unloading of goods happens here continuously."

A skywalk, an amphitheatre, automated parking, exhibition halls, recreational areas, and dedicated vending zones were part of a massive Delhi Development Authority (DDA) facelift plan for Nehru Place. Among the largest markets for computers as well as fabrics, it has slipped in prominence due to neglect over the past two decades.

In fact, the pitiable state of the market hasn't escaped the High Court's attention either. Last October, the HC said the condition of the market is "like a slum" and observed that people have a right for free access to market areas and demand a clean, hygienic and safe environment there. The court had said we talk of developing Delhi into a city like London or any other big city in another decade but "how will we achieve that". "Where is the planning? What happens to the planning aspect," it added.

It was also critical of the haphazard proliferation of vendors in the area. Vendors could still be seen in large numbers in complex.

Nirala, a vendor at the busy market, said rain makes the situation worse. "Since roads are broken, the malba mixes with garbage and it smells. During the evening, traffic jams last hours."

Adesh Gupta, a confectionary shop owner, said, "It's been a decade, but things are the same. Inside the complex, there has been some work of tiles being fixed, but the outer area is still the same... garbage mixed with mud. Water accumulates everywhere when it rains."

Constructed in the late 1970s, the market facelift plan was undertaken after constant complaints of badly maintained piazzas, broken staircases, poor illumination, and lack of parking space, but little has changed on the ground.

Near the telephone exchange, re-laying of pipelines was being done. "It is a routine thing here, sometimes one road is dug and sometimes another. This re-laying of pipe has been going on for two months... there is so much dust pollution as a result," said a security guard posted in the area.

A DDA official said: "The damaged portion on the road has been temporarily fixed. Restoration and recarpeting of the road from EROS Hotel to Kalkaji Temple T Point has been awarded to an agency and work has started; it will be completed in a month. A portion has been barricaded, near Nehru Place Metro station to the plaza near Satyam Cinema, for the skywalk construction. This will be restored after work is done."

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS---- पंजाब केसरी ----DATED 16-07-2022

अनिल बाजपेयी ने की डीडीए वीसी से मुलाकात

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) : गांधीनगर के विधायक अनिल बाजपेयी ने शुक्रवार को डीडीए के उपाध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता से मुलाकात की। डीडीए मुख्यालय विकास सदन में हुई इस मुलाकात के दौरान अनिल बाजपेयी ने अपनी विधानसभा के कई मुद्दों को लेकर उनके साथ विस्तृत चर्चा की। बाजपेयी ने बताया कि डीडीए वीसी के साथ महाराणा प्रताप पार्क के सौंदर्यीकरण के संबंध में पार्क में वाल पेंटिंग के बचे काम, वरिष्ठ नागरिकों, योगा के लिए ग्रीन शेड, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, पार्क में समुचित रोशनी की व्यवस्था करने, पार्क में खेलकूद को बढ़ावा देने व पार्क में अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर बात हुई। इसके अलावा शांति मोहल्ला में महिला पार्क बनाने, डीडीए की खाली जमीन पर लाइब्रेरी बनाने, दिव्यांगों के लिए हैंडीकैप्ड स्किल डेवलपमेंट सेन्टर बनाये जाने पर भी चर्चा हुई।

पंजाब केसरी ▸ 17 जुलाई, 2022 ▸ रविवार

दिल्ली सरकार के 80 फीसद स्कूलों में प्रिंसिपल और वाइस प्रिंसिपल तक नहीं

सरकार पैसे का गलत इस्तेमाल कर रही है: गुप्ता

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि हमारे देश में मुफ्त की रेवड़ी बांटकर वोट बटोरने का कल्चर लाने की कोशिश हो रही है। ये रेवड़ी कल्चर देश के विकास के लिए बहुत घातक है। इस रेवड़ी कल्चर से देश के लोगों को बहुत सावधान रहना है। इस पर मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि मैं दिल्ली में बच्चों को फ्री शिक्षा दे रहा हूं और फ्री स्वास्थ्य दे रहा हूं।

इस पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हल्ला बोलते हुए दिल्ली सरकार की कमियां और केन्द्र के दिल्ली में विकास कार्य गिनवाए। आदेश गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में चाहे किसी भी पार्टी की सरकार रही हो। दिल्ली में उपचार और प्राइमरी एजेकुशन निशुल्क रही है। मगर आप की दिल्ली सरकार सरकारी पैसे का गलत इस्तेमाल कर रही है। कोरोना काल में जब जरूरत थी दिल्ली की

जनता को ऑक्सीजन और उपचार की, तब उन्हें सुविधा नहीं मिली। मैं कहना चाहता हूं कि अरविंद केजरीवाल को दिल्ली की जिम्मेदारी मिली है, पहले उसे बेहतर बनाएं। दिल्ली सरकार के 80 फीसद स्कूलों में प्रिंसिपल और वाइस प्रिंसिपल तक नहीं। बोर्ड का रिजल्ट सुधारने के लिए नौवीं व 11वीं कक्षा में बच्चे फेल किए जा रहे हैं ताकि बोर्ड का रिजल्ट सुधर जाए और देश में दिखाया जा सके। 70 फीसद सरकारी स्कूलों में साइंस की लैब तक नहीं। हेल्थ मॉडल खुद उनकी पार्टी की महिलाएं बोल रही हैं कि सरकारी अस्पताल में पीड़िताओं का 15 घंटे या उससे अधिक समय तक उपचार नहीं होता। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल यदि वास्तव में दिल्ली की जनता के शुभचिंतक हैं तो पीएम की आयुष्मान योजना गरीबों के लिए, गरीबों के लिए पीएम आवास योजना लागू करते, किसानों को मालिकाना हक देते, राजस्व रिकॉर्ड में नाम जुड़ता जिससे उन्हें पीएम निधि का लाभ मिलता। गरीब कल्याण योजनाओं को लागू ही नहीं होने दिया।प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आज जल बोर्ड से पानी नहीं मिल रहा, गंदा पानी आ रहा है और करोड़ों का घोटाला किया गया है। केन्द्र दिल्ली में बसें दे रही है। दिल्ली में यमुना की सफाई से लेकर ईको पार्क बनाने तक का काम केन्द्र की सरकार कर रही है। प्रदूषण की रोकथाम के लिए प्रयासरत है। नरेला में पुल बनाया गया। डीडीए और एनएचएआई सहित दूसरी एजेंसी काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि मैं पूछना चाहता हूं कि 70 हजार करोड़ का बजट दिल्ली सरकार ने कहां खर्च किया। आज खुद दिल्ली के एक मंत्री जेल में हैं। दिल्ली सरकार ने विकास के काम नहीं किए। बिजली हाफ-पानी माफ की बात करने वाली सरकार के कार्यकाल में बिजली कंपनियां उपभोक्ताओं से भारी फिक्स्ड चार्ज वसूल रही है। सरकार की बिजली कंपनी से मिलीभगत है। सरचार्ज बढ़ा दिया। कर्मचारी की पेंशन और सब्सिडी भी उपभोक्ताओं से वसूली जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश भाजपा बिजली दर बढ़ाने के विरोध में दिल्ली में 19 को बड़ा प्रदर्शन करने जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि ड्रेनेज का कोई प्लॉन नहीं है, एक दिन बारिश होते ही दिल्ली की सड़कों पर पानी भर जाता है। पीडब्ल्यूडी के बड़े नाले गाद से भरे हुए हैं, साफ नहीं होते, जो कि पानी से ओवरफ्लो रहते हैं, करोड़ों का भ्रष्टाचार होता है।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS- THE HINDU DELHI SUNDAY, JULY 17, 2022 -----DATED-----

Bulldozers at their door, Gyaspur JJ dwellers take refuge in court plea

Did not receive proper notice, say residents; DDA says Basti is recent, case 'false'

SOIBAM ROCKY SINGH
NEW DELHI

Bulldozers parked at Gyaspur Basti; (right) Ramwati, her son Ompal and grandson take shelter under a tarpaulin sheet after their jhuggi was razed. ▪SHIV KUMAR PUSHPAKAR, SOIBAM ROCKY SINGH

Over 2,000 inhabitants of Gyaspur basti, a jhuggi jhopdi (JJ) cluster scattered across the Yamuna floodplains at Sarai Kale Khan here, stare at a bleak future in the wake of a demolition drive by landowning agency Delhi Development Authority (DDA).

The residents, mostly cobblers, street vendors, daily labourers and domestic wage workers, have been on the edge since June 23 when the DDA parked 8-9 bulldozers around the JJ clusters and an official demanded the residents to vacate immediately.

On June 27, the bulldozers swung into action and razed several dwellings in the cluster. "The bulldozers stopped only because the working hour ended for the day at 5 p.m. Otherwise, most of the houses would have been demolished," said Sunil, a street vendor, whose house was one among the lucky lot.

The floodplains, the DDA said, form part of an eco-restoration plantation to be undertaken by it as a part of a rejuvenation project.

The legality of the demolition drive has been called into question as the residents complained they have not received any proper notice apart from the verbal information by the DDA official.

In a landmark judgment of 'Olga Tellis vs Bombay Municipal Corporation', the Supreme Court had ruled that eviction of illegal dwellers without issuing notice was against the rule of hearing, which is an important element of the principles of natural justice. The top court had said that eviction without notice will lead to "deprivation of livelihood and consequently to the deprivation of life".

Demolition stayed

A day after the partial demolition of the JJ cluster, the Delhi High Court stayed the exercise till further orders, noting that the documents filed by some of the jhuggi dwellers prima facie show that they are occupying the premises since 2005. The court observed, "Forced eviction of jhuggi dwellers, unannounced, in co-ordination with the other agencies and without compliance of requisite procedures, would be contrary to law."

Initially, 33 residents had collectively moved the court against the demolition drive. Later, another batch of dwellers moved an application before the High Court seeking to be made a party in the case and accorded similar protection against forced eviction.

The jhuggi dwellers have urged the High Court for a direction to the Delhi Urban Shelter Improvement Board (DUSIB) to conduct a survey of the jhuggis in Gyaspur Basti in terms of the Delhi Slum and JJ Rehabilitation and Relocation Policy, 2015.

Under the 2015 policy, JJ clusters which came up before January 1, 2006, cannot be removed without an alternative housing arrangement. The jhuggis which came up in such JJ clusters before January 1, 2015, would not be demolished without providing alternative housing.

The DDA, on the other hand, has informed the court that jhuggis in Gyaspur Basti clusters do not form part of the 675 notified-JJ bastis released by DUSIB.

In its reply to the petition, the urban body said satellite maps show that the clusters have not been in existence since 1995, as claimed by some of the dwellers.

"Satellite maps from Google Earth make it indubitably clear that the petitioners have set up a false case. The alleged settlement/cluster is recent and not in existence before the cut-off date and thus, liable to be removed," the DDA said, adding that the dwellers have failed to show "continuous possession" of the sites.

Bleak future

Most dwellers fear that they might never get a chance of finding an alternative accommodation under the government's rehabilitation policy. They have pinned their hope solely on the litigation in the High Court.

Ramwati, who is in her 70s, said she has spent most of her life at the basti. "My grandsons were born here. They have demolished all my belongings. We are hopeful that the court will come to our rescue," she said.

Sunil said the three JJ clusters have over 200 jhuggis with about 2,000 dwellers. "Most families live here because of their financial condition. Everybody has aspirations. I have seen families moving out of the basti once they get better employment or business opportunities." ▪

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPER ---- राष्ट्रीय सहारा ----DATED---- 18 जुलाई • 2022

गांवों की संपत्तियों से कर वसूलने के एमसीडी के निर्णय की कड़ी निंदा

नई दिल्ली (एसएनबी)। दिल्ली ग्राम पंचायत संघ ने गांवों में स्थित संपत्तियों से संपत्ति कर वसूलने के एमसीडी के निर्णय की कड़ी निंदा की। संघ ने गांवों में स्थित संपत्तियों को डी श्रेणी में शामिल करने के निर्णय को भी गैरकानूनी करार दिया। संघ का कहना है कि गांवों में एक भी ऐसी सुविधा नहीं है, जिसके कारण गांवों में स्थित संपत्तियों से संपत्ति कर वसूला जाए। संघ इसके विरोध में आंदोलन करेगा। संघ ने गांवों से जुड़े इस मुद्दे पर रविवार को पीरागढ़ी गांव में पंचायत की। पंचायत में कई खापों के प्रमुखों ने शिकरत की।

गांवों में संपत्ति कर लगाने के खिलाफ हुई पंचायत

इस मौके पर संघ के प्रमुख थान सिंह यादव व सुरेश शौकीन ने कहा कि एमसीडी गांवों में स्थित समस्त संपत्तियों को सभी करों से मुक्त करे, क्योंकि एक भी गांव में शहर जैसी सुविधा नहीं है, जबकि अनेक गांवों को 60 साल पहले शहरीकृत घोषित किया गया था। इसके अलावा ग्रामीणों की कृषि भूमि जबरदस्ती अधिग्रहित करके उन्हें बेरोजगार कर दिया गया है। उनकी कृषि भूमि के माध्यम से डीडीए एवं पूंजीपति मालामाल हो चुके है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के समक्ष आज जिविका चलाने के लाले पड़े हैं। उन्होंने अपना खर्च चलाने के लिए अपने मकान किराए पर दे रखे हैं और खुद एक-एक कमरे में रह रहे है।

पंचायत में ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से कई प्रस्ताव पास किए, जिनमें ग्रामीणों से वसूला गया संपत्ति कर वापस देने और गांवों के आसपास बसी डीडीए की कालोनियों की तरह गांवों में स्थित संपत्तियों को भी व्यवसायिक घोषित करने की मांग संबंधी प्रमुख प्रस्ताव है। इसके अलावा गांवों को संपत्ति कर से जल्द ही मुक्त न करने की स्थिति में आंदोलन करने का ऐलान किया गया। पंचायत में पीरागढ़ी के विनोद शौकीन, मादीपुर गांव के सुनील शर्मा, ख्याला गांव के राजकुमार यादव, बुढ़ेला गांव के पारस त्यागी आदि ने भी विचार व्यक्त किए।